आधार हो एक तेरा आस एक तेरी भजन लिरिक्स

आधार हो एक तेरा,
आस एक तेरी,
ऐसी कृपा मुझपे भी,
हो प्रभु तेरी।bd।

तर्ज – लो आ गई उनकी याद।

तेरी कृपा से स्वामी,
मुझे ये लगन लगी है,
सत पथ की राह टेढ़ी,
मची मन में खलबली है,
मिट जाए सब अँधेरा,
मिल जाए राह तेरी,
आधार हो इक तेरा,
आस एक तेरी।bd।

करूँ निज करम जगत में,
लेकर के नाम तेरा,
दिल में हो याद तेरी,
मन में हो ध्यान तेरा,
समझूँ तेरे इशारे,
बातें हो तुमसे मेरी,
आधार हो इक तेरा,
आस एक तेरी।bd।

तेरा नाम लेके सोऊँ,
तेरा नाम लेके जागूँ,
सपनो में श्याम सुन्दर,
झांकी तुम्हारी पाऊं,
होगा सफल ये नर तन,
पा कर के प्रीत तेरी,
आधार हो इक तेरा,
आस एक तेरी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा प्यार इस कदर हो,
दुनियां की हरकतों का,
अब मुझपे ना असर हो,
ढूंढूं सदा मैं तुझको,
कर आंखे बंद मेरी,
आधार हो इक तेरा,
आस एक तेरी।bd।

इतना करीब कर लो,
सिर्फ तुम ही तुम ही तुम हो,
तेरे नाम से शुरू हो,
तेरे नाम पे खतम हो,
ये सिलसिला ना टूटे,
हो जाए जीत तेरी,
आधार हो इक तेरा,
आस एक तेरी।bd।

आधार हो एक तेरा,
आस एक तेरी,
ऐसी कृपा मुझपे भी,
हो प्रभु तेरी।bd।

गायक – संजू जी शर्मा।
प्रेषक – निलेश मदनलाल जी खंडेलवाल।
धामनगांव रेल्वे। 9765438728

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com